New Delhi: नकली नोटों के बड़े गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली: देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस ने नकली नोटों(Fake Notes) के गिरोह (Gang) का पर्दाफाश (Busted) किया है। मध्य जिला पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार (Arrested) किया है और उनसे चार लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। पुलिस (Police) ने एक आरोपी को बुलंदशहर से पकड़ा है जिसके पास से नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले कई सामानों को भी जब्त किया है।

डाइनामाइट न्यूज़ संवाददाता के अनुसार पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद जुबैर उर्फ सोनू (26), फाज़िल (19) और मोहसिन (19) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 100 रुपये के डेनोमिनेशन में 3,98,900 रुपये के नकली नोट, एक स्कूटी, एक बाइक और नकली नोट छापने वाले प्रिंटर एवं अन्य रॉ मटेरियल बरामद किए हैं।

Source: https://hindi.dynamitenews.com/story/new-delhi-big-gang-of-fake-notes-busted-3-arrested-1